# सरकारी माध्यमिक विद्यालय कोनापुरपेट, ता: मानवी जि: रायचूर

## प्रथम संकलनात्मक परीक्षा-2025-26

**कक्षा : 8वीं विषय : तृतीय भाषा हिंदी कुल अंक : 40 समय : 2:00 घंटा दिनांक : /09/2025**

**I.** निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : 4×1=4

1) 'सुबह' का विलोम शब्द है-

A) शाम B) रात C) दिन D) दोपहर

2) 'दुनिया' का समानार्थक रूप है-

A) देश B) जगत C) विदेश D) स्वदेश

3) 'गलती' शब्द का अन्यवचन रूप है-

A) गलतियाँ B) गलत C) गलती D) गलते

4) 'माली' का अन्यलिंग रुप है-

A) मालिक B) मालिन C) मालि D) मालकिन

**II.** निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए :2×1=2

5) मेरा देश मेरी माँ : कहानी :: मिर्च-मसाला : _______

6) पत्र भेजनेवाला : प्रेषक :: पत्र पानेवाला : _______

**III.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : 2×1=2

7) शिशु ने रो-रोकर क्या सीखा है?

8) मोबाइल का अग्रज कौन है?

**IV.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए : 4×2=8

9) भोलू क्यों घबरा गया?

10) शिशु ने दुनिया में आकर पहले क्या-क्या सीखा है और कैसे सीखा है ?

11) टेलीफोन ने मन-ही-मन मोबाइल के बारे में क्या कहा?

12) 'दूरदर्शन' का मतलब क्या है?

**अथवा**

बिल्ली ने चूहों से क्या कहा?

**V.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए : 4×3=12

13) सैनिकों को तुरंत वापस आने का आदेश अचानक क्यों दिया गया?

14) गांधीजी पर नाटकों का क्या प्रभाव पड़ा?

15) समाचार पत्र में कौन-कौन से विषय होते हैं?

16) 'बंदर बॉट' पाठ से आपको क्या सीख मिलती है?

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए :** 1×4=4

17) निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :

मिलकर रहें, _______________

________________________

________________________

_______________तुरत उठाएँ ।।

**VII. गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** 1×4=4

18) सावन की पूर्णिमा के शुभ अवसर पर सुंदर त्योहार 'रक्षा-बंधन' का आगमन होता है। भारत में इस पवित्र त्योहार का विशेष महत्व है। यह वर्षा ऋतु का सूचक बनकर आता है। 'रक्षा-बंधन' अर्थात रक्षा का बंधन। रक्षा-बंधन देश के कोने-कोने में मनाया जाता है। सारी बहनें इस त्यौहार की साल भर प्रतीक्षा करती रहती है। वह अपने हाथों से भाइयों को राखी बांधकर मिठाई खिलाती है। इसी आनंद और हसी-खुशी के साथ यह त्यौहार संपन्न होता है।

क) रक्षाबंधन का विशेष महत्व किस देश में है?

ख) रक्षा बंधन किसका सूचक बनकर आता है?

ग) रक्षाबंधन का अर्थ क्या है?

घ) सारी बहनें किसको राखी बाँधते हैं?

**VIII. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** 1×4=4

19) सकारण देते हुए चार दिन की छुट्टी के लिए अपने प्रधानाध्यापक को एक प्रार्थना पत्र लिखिए।

■■■■■

# सरकारी माध्यमिक विद्यालय कोनापुरपेट, ता: मानवी जि: रायचूर

## प्रथम संकलनात्मक परीक्षा-2025-26

**कक्षा : 8वीं विषय : तृतीय भाषा हिंदी कुल अंक : 40 समय : 2:00 घंटा दिनांक : /09/2025**

**प्रतिदर्ष उत्तर पत्रिका /MODEL KEY ANSWERS**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए :** 4×1=4

1) 'सुबह' का विलोम शब्द है-

A) शाम B) रात C) दिन D) दोपहर

उत्तर : A) शाम

2) 'दुनिया' का समानार्थक रूप है-

A) देश B) जगत C) विदेश D) स्वदेश

उत्तर : B) जगत

3) 'गलती' शब्द का अन्यवचन रूप है-

A) गलतियाँ B) गलत C) गलती D) गलते

उत्तर : A) गलतियाँ

4) 'माली' का अन्यलिंग रुप है-

A) मालिक B) मालिन C) मालि D) मालकिन

उत्तर : B) मालिन

**II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए :**2×1=2

5) मेरा देश मेरी माँ : कहानी :: मिर्च-मसाला : _______

उत्तर : लोककथा

6) पत्र भेजनेवाला : प्रेषक :: पत्र पानेवाला :_____

उत्तर : सेवा में

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** 2×1=2

7) शिशु ने रो-रोकर क्या सीखा है?

उत्तर : शिशु ने रो-रोकर कर हँसना सीखा है।

8) मोबाइल का अग्रज कौन है?

उत्तर : मोबाइल का अग्रज टेलिफोन है।

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** 4×2=8

9) भोलू क्यों घबरा गया?

**उत्तर :** भोलू दूध पी रहा था। थोड़ा-सा दूध मुँह से निकलकर जमीन पर फैल गया। फैले दूध में उसे दो पंख दिखाई दिये। इसलिए भोलू घबरा गया।

10) शिशु ने दुनिया में आकर पहले क्या-क्या सीखा है और कैसे सीखा है ?

**उत्तर :** शिशु ने दुनिया में आकर रो-रोकर हँसना सीखा, लघु होकर बढ़ना सीखा और गिर-गिरकर चलना सीखा है।

11) टेलीफोन ने मन-ही-मन मोबाइल के बारे में क्या कहा?

**उत्तर :** टेलीफोन ने मन-ही-मन कहा- "दिखने में चूहे जैसा! ना मूँछ, ना पूँछ, फिर भी इसकी इतनी पूछ।"

12) 'दूरदर्शन' का मतलब क्या है?

**उत्तर :** दूर-दूर में होनेवाली घटनाओं को घर में बैठकर देखना के माध्यम को 'दूरदर्शन' कहते हैं।

**अथवा**

बिल्ली ने चूहों से क्या कहा?

**उत्तर :** बिल्ली ने चूहों से मैं ने हज़ारों पाप किया है। ईश्वर का नाम जप करके चूहे खाने का काम छोड़ दिया है।

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :** 4×3=12

13) सैनिकों को तुरंत वापस आने का आदेश अचानक क्यों दिया गया?

**उत्तर :** दुश्मनों ने भारत पर अचानक आक्रमण कर दिया इसलिए सैनिकों को तुरंत वापस आने का आदेश अचानक दिया गया।

14) गांधीजी पर नाटकों का क्या प्रभाव पड़ा?

**उत्तर :** 'श्रवण पितृभक्ति' नाटक पढ़कर उन्होंने निश्चय किया कि मुझे भी श्रवणकुमार जैसा बनना चाहिए। 'हरिश्चंद्र' नाटक देखकर उन्होंने सोचा कि हर एक को हरिश्चंद्र की तरह संकट सहकर भी सच्चाई का पालन करना चाहिए।

15) समाचार पत्र में कौन-कौन से विषय होते हैं?

**उत्तर :** समाचार पत्र में देश-विदेशों में घटनेवाली घटनाओं का विवरण रहता है। खेल-कूद, सिनेमा, मौसम, नौकरी संबंधी विज्ञापन, बाज़ार भाव, कृषि व्यापार संबंधी सूचनाएँ मिलती है। कार्टून, पदबंध, विवाह संबंधी विज्ञापन, परीक्षा उपयोगी सामग्री, परीक्षा फल आदि।

16) 'बंदर बॉट' पाठ से आपको क्या सीख मिलती है?

**उत्तर :** 'बंदर बाँट' कविता के द्वारा बच्चे यह सीख सकते हैं कि- झगडा नहीं करना चाहिए। दोनों व्यक्तियों के झगड़ने से तीसरे का लाभ होता है।

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए :** 1×4=4

17) निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :

मिलकर रहें, ______________

______________________

__________________________

________________तुरत उठाएँ ।।

उत्तर : मिलकर रहें, नियम अपनाएँ।
बीती बातों को बिसराएँ ।।
छोटे-बड़े सभी मिल जाएँ।
गिरे हुए को तुरत उठाएँ ।।

**VII. गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **1×4=4**

18) सावन की पूर्णिमा के शुभ अवसर पर सुंदर त्योहार 'रक्षा-बंधन' का आगमन होता है। भारत में इस पवित्र त्योहार का विशेष महत्व है। यह वर्षा ऋतु का सूचक बनकर आता है। 'रक्षा-बंधन' अर्थात रक्षा का बंधन। रक्षा-बंधन देश के कोने-कोने में मनाया जाता है। सारी बहनें इस त्यौहार की साल भर प्रतीक्षा करती रहती है। वह अपने हाथों से भाइयों को राखी बांधकर मिठाई खिलाती है। इसी आनंद और हसी-खुशी के साथ यह त्यौहार संपन्न होता है।

क) रक्षाबंधन का विशेष महत्व किस देश में है?

उत्तर : भारत में इस पवित्र त्योहार का विशेष महत्व है।

ख) रक्षा बंधन किसका सूचक बनकर आता है?

उत्तर : यह वर्षा ऋतु का सूचक बनकर आता है।

ग) रक्षाबंधन का अर्थ क्या है?

उत्तर : रक्षा का बंधन।

घ) सारी बहनें किसको राखी बाँधते हैं?

उत्तर : सारी बहनें अपने भाई को राखी बाँधते हैं।

**VIII. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** **1×4=4**

19) सकारण देते हुए चार दिन की छुट्टी के लिए अपने प्रधानाध्यापक को एक प्रार्थना पत्र लिखिए।

**उत्तर : व्यावहारिक पत्र :**

- प्रेषक का पता और दिनांक ½
- पत्र पानेवाले का पता ½
- संबोधन ½
- विषय ½
- पत्र का कलेवर 1½
- समाप्ति ½

■■■■■